अतारांकित प्रश्न संख्या 97

बेरोजगार युवाओं की संख्या

अतारांकित प्रश्न संख्या 97: श्री बलराज कुंडु (महम):

क्या मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेगें कि:-

क) वे कारण जिनके लिए सरकार द्वारा एच०के०आर०एन० की स्थापना की गई है;

(ख) अब तक वंहा पंजीकृत बेरोजगार युवाओं की संख्या; और

ग) सरकार के माध्यम से कितने युवाओं को रोजगार मिला है और उनका ब्यौरा क्या है?

उत्तरः श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री हरियाणा

महोदय,

क) हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एच.के.आर.एन.एल.), कंपनी अधिनियम 2013 के तहत 13 अक्टूबर 2021 को स्थापना की गई थी, जिसका उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित उम्मीदवारों की कौशल निपुणता बढाते हुए पूर्वनिर्धारित मापदंडों के अनुसार नियुक्तियाँ करना है, तथा सरकारी/ निजी संस्थानो में स्कील्ड और सेमी-स्कील्ड श्रमशक्ति को मांग के आधार पर प्रबंधित करना है।

ख) अब तक एच.के.आर.एन. में पंजीकृत बेरोजगार युवाओं की कुल संख्या 435897 हैं।

ग) एच.के.आर.एन. के माध्यम से अब तक कुल 118600 युवाओं को रोजगार मिला है जोकि इस प्रकार है:-

क्रम० सं०	जिला	नियुक्त किये गये उम्मीदवारों की सं०
1	अम्बाला	5705
2	भिवानी	5993
3	चरखी दादरी	2826
4	फरीदाबाद	3114
5	फतेहाबाद	3943
6	गुरुग्राम	5263
7	हिसार	10433
8	झज्जर	4216
9	जींद	6621
10	कैथल	5197
11	करनाल	6392
12	कुरुक्षेत्र	5240
13	महेंद्रगढ	4460
14	नूंह	3180
15	पलवल	4209
16	पंचकूला	8951
17	पानीपत	3268

18	रेवाडी	4149
19	रोहतक	7267
20	सिरसा	6161
21	सोनीपत	7108
22	यमुनानगर	4904
	कुल	118600

....